Certificate Course for Environmental Awareness (CCEA-2018)
Under CPE Phase-II 2018

(A project of UGC)

PROJECT ASSESSMENT WORKSHOP

25.02.2019 to 26.02.2019

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय में UGC-CPE (Phase-II) के अंतर्गत संचालित पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम के तत्वाधान में दिनांक 25 तथा 26 फरवरी को दो दिवसीय Project assessment workshop का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. लालिमा सिंह द्वारा तथा समन्वयक एवं संचालिका डॉ. अनुराधा सिंह के द्वारा किया गया। कार्यशाला में लगभग 40 छात्राओं के द्वारा प्रोजेक्ट के दौरान किए गए कार्यों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। छात्राओं ने विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं एवं उनके समाधानों को बहुत ही प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। Project work का मुल्यांकन कार्य डॉ. रीता चौहान, डॉ. नीरजा सचदेव, डॉ. मीनू अग्रवाल, डॉ. अर्चना ज्योति तथा डॉ. प्रीति सिंह के द्वारा किया गया। डॉ. रीता चौहान ने कालेज परिसर में रिसाइक्लिग को प्रभावी ढंग से लागू करने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. नीरजा सचदेव ने पर्यावरण पर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। डॉ. मीनू अग्रवाल ने प्राचीन पर्यावरणीय मूल्यों को वर्तमान परिदृष्य में प्रासंगिता को बहुत ही रोचकता से प्रस्तुत किया। डॉ. मंजरी शुक्ला ने पर्यावरणीय नैतिकता के विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्चना ज्योति ने छात्राओं को बताया कि वे दैनिक क्रिया–कलापों के दौरान किस तरह से बिजली तथा पानी जैसे संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कर सकते हैं। डॉ. प्रीति सिंह ने जलवायु परिवर्तन के दुस्प्रभावों को बताया। इस वर्कशाप में सानिया रिजवान, सुधा, आयुषी यादव, ज्योति बरनवाल, दिव्यांगना सिंह व तृप्ति राय को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।